दिन– रविवार दिनांक– 02/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर। एनडीए और महागठबंधन समेत विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कर रहे हैं जनसभाएं।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोजपुर और नवादा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगें। पटना में करेंगे रोड–शो। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की बेगूसराय और खगड़िया में होगी सभा।

03. मोकामा में दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने देर रात पूर्व विधायक और मोकामा से जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार।

04. और, चक्रवाती तूफान मोन्था के प्रभाव के कारण आज भी प्रदेश के कई भागों में बारिश की संभावना।

---

विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान चरम पर हैं। एनडीए और महागठबंधन के अलावा विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए लगातार जनसभाएं कर रहे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोजपुर और नवादा जिले में दो जनसभाएं करेंगे। वहीं, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की बेगूसराय और खगड़िया में चुनावी सभाओं का कार्यक्रम है। ब्यौरा हमारे हमारे संवाददाता से..

–––रिपोर्ट–––

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर हैं। आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोजपुर जिले के आरा नवादा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी आज शाम पांच बजे से राजधानी पटना में दिनकर गोलंबर से गांधी मैदान तक रोड शो भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरि मंदिर साहब में आज शाम मत्था टेकने जायेंगे। इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बेगूसराय और खगड़िया में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव आज नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर बेगूसराय, पटना, वैशाली और सारण में जिले में 17 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसी तरह अन्य दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक भी कई स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पटना में रोड–शो तय कार्यक्रम के अनुसार आज अपराह्न पांच बजे राजेन्द्र नगर स्थित दिनकर गोलम्बर से शुरू होगा और नाला रोड, ठाकुरबारी रोड, बारी पथ और बाकरगंज होते हुये गांधी मैदान के निकट उद्योग भवन

पर समाप्त होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस रोड शो के माध्यम से श्री मोदी पटना जिले की चौदह विधानसभा सीटों के एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करेंगे।

---बाइट---

श्री जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगे का कार्यक्रम भी तय है। श्री मोदी कल सहरसा और कटिहार में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगें। वहीं, चार नवम्बर को प्रदेश की महिलाओं के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आज तीसरी बार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। वे बेगूसराय और खगड़िया में महागठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, तय कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी चार नवम्बर को गया के वजीरगंज और औरंगाबाद के कुटुंबा में भी चुनाव प्रचार में भी भाग लेंगे। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी कल पटना आयेंगे।

---

मोकामा में दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने देर रात पूर्व विधायक और मोकामा से जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मामले के मुख्य अभियुक्त अनंत सिंह को बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरना गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आज पटना में तीनों अभिुक्तों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

---बाइट---

इधर, दुलारचंद यादव हत्याकांड और इसके बाद उपद्रव की घटना के मामले में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्सी लोगों को गिरफ्तार किया है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने कहा कि ये गंभीर घटना है और चुनाव को प्रभावितकरने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

---बाइट---

---

पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जिम्मेदारी सीआईडी को सौंप दी गयी है। उन्होंने बताया कि सीआईडी की टीम घटना स्थल और आस–पास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज, मोबाईल लोकेशन और चश्मदीदों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

---

इस मामले में चुनाव आयोग के निर्देश पर छह अधिकारियों पर कार्रवाई की गयी है। पटना के ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग, मोकामा के निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार और एसडीपीओ राकेश कुमार का तबादला कर दिया गया है। वहीं एसडीपीओ अभिषेक सिंह को निलंबित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा घोसवरी थानाध्यक्ष मधुसूदन कुमार और भदौर थानाध्यक्ष रवि रंजन को भी निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से इस आदेश के अनुपालन से संबंधित रिपोर्ट आज दोपहर बारह बजे तक तलब की है।

---

**और, अब चुनाव से जुड़ी कुछ अन्य खबरें——**

जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कल देर शाम शेखपुरा और बरबीघा विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रोड–शो किया।

वैशाली की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने निर्वाचन कार्य से जुड़े कोषांगों के नोडल अधिकारियों के साथ मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान अधिकारियों को सभी कार्य तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिये गए।

अररिया जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वीप आईकॉन प्रिया राज और एम. ए. शानू ने अलग–अलग मतदान केंद्रों पर जाकर जागरूकता गीत प्रस्तुत किये।

सुपौल जिले में एसएसबी की पैंतालीसवीं वाहिनी के जवानों ने भारत–नेपाल सीमा निओर के पास जांच के दौरान भारी संख्या में नेपाली मुद्रा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसबी जवान पूरी चौकसी बरत रहे हैं।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया राज इंटर कॉलेज में मतदान कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

कैमूर जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रशांत रोकड़े ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों से संवाद किया।

---

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार्मिक मुद्दों और अफ़ग़ानिस्तान तथा पाकिस्तान के संदर्भ में बयान दिए हैं। पत्र सूचना कार्यालय – पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि यह वीडियो ए आई से बनाया गया है। जो पाकिस्तान समर्थित हैंडल्स से प्रसारित किया जा रहा है। इकाई ने बताया कि प्रधानमंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। पीआईबी ने नागरिकों से ऐसी जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर ही विश्वास करने का आग्रह किया है।

---

चक्रवाती तूफान मोन्था के प्रभाव के कारण प्रदेश के कई भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तूफान का असर कम होने के साथ मौसम साफ रहने की सम्भावना है।

———बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया के बलतारा में सबसे अधिक एक सौ सत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, मुंगेर के संग्रामपुर में एक सौ पचपन मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। इधर, पटना सहित राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है, जिससे सुबह और शाम के समय ठंड का ऐहसास हो रहा है।

---

प्रदेश में धान की खरीद शुरू हो गयी है। धान खरीद के लिए उन्नीस जिलों में लगभग दो हजार चार सौ पैक्सों और व्यापार मंडलों ने पंजीकरण कराया है। इस बार एक क्विंटल धान बेचने पर किसानों को दो हजार तीन सौ उनहत्तर रुपये भुगतान

किया जा रहा है। सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को धान बेचने के अड़तालीस घंटे के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, यूआईडीएआई ने लोगों को अपने आधार कार्ड में अपडेट की घर बैठे सुविधा उपलब्ध करा दी है। प्राधिकरण ने कहा है कि कोई भी नागरिक माई आधार पोर्टल पर जाकर अपने नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाईल नम्बर जैसी जानकारी घर बैठे ऑनलाइन अपडेट कर सकता है। यह सुविधा चौदह जून दो हजार छब्बीस तक मुफ्त रहेगी। इसके बाद पचहत्तर रुपये का शुल्क देना होगा। यूआईडीएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटो अपडेट के लिए कार्ड धारक को ऑफलाइन आवेदन ही करना होगा।

---

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में दोपहर बाद तीन बजे शुरू होगा। भारतीय टीम तीसरी बार विश्व कप का फाइनल खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका का यह पहला विश्व कप फाइनल है।

इधर, भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच तीसरा टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज होबार्ट में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद एक बजकर पैंतालीस मिनट से शुरू होगा। पांच मैच की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया एक–शून्य से आगे है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– दुलारचंद हत्याकांड में अनंत सिंह गिरफ्तार। देर रात बाढ़ से पुलिस ने पूर्व विधायक को पकड़ा। **दैनिक जागरण** लिखता है – प्रधानमंत्री के पटना में रोड–शो को लेकर सुरक्षा सख्त, पांच हजार जवान तैनात। **दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है – छठ पर आये बीस लाख बिहारी वापस। अखबार लिखता है – वोटिंग

से पहले रवानगी, ट्रेनें खचाखच, बसों में भी भीड़। **प्रभात खबर** ने मोन्था तूफान से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – कटे धान को ज्यादा नुकसान, खड़ी फसल को पाला का डर। **आज** और **राष्ट्रीय सहारा** ने विश्वकप महिला क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले खिताबी मुकाबले से जुड़ी खबर का शीर्षक दिया है – खिताबी सूखा खत्म करने उतरेगा भारत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर। एनडीए और महागठबंधन समेत विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कर रहे हैं जनसभाएं।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोजपुर और नवादा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगें। पटना में करेंगे रोड–शो। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की बेगूसराय और खगड़िया में होगी सभा।

03. मोकामा में दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने देर रात पूर्व विधायक और मोकामा से जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार।

04. और, चक्रवाती तूफान मोन्था के प्रभाव के कारण आज भी प्रदेश के कई भागों में बारिश की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।